दिनांक 08.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

'रात्रि कालीन सफाई का निगम आयुक्त सुंदरानी ने देर रात 2:00 बजे किया औचक निरीक्षण'

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने अचानक वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 सर्कुलर मार्केट ,लिंक रोड ,जवाहर मार्केट ,पावर हाउस चौक सर्विस रोड, जोन क्रमांक एक क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण गंगोत्री मार्केट आदि का निरीक्षण अर्ध रात्रि को किया।आयुक्त सुंदरानी द्वारा अचानक ही अर्ध रात्रि को रात्रि कालीन सफाई का निरीक्षण किया जाता रहा है । गत मध्यरात्रि को भी आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया जहां पर सभी सफाई कर्मियों की उपस्थिति के संबंध में तथा उनकी उपस्थिति के साथ साथ सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा बेतरतीब खड़े वाहन को हटवाने के साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

सफाई कर्मचारियों द्वारा सूखे कचरे को एकत्रित किया जा रहा था जिस पर आयुक्त ने कचरे को पृथक पृथककरने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 3 के स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल मिश्रा एवं जोन क्रमांक एक के स्वास्थ्य निरीक्षक बालकृष्ण नायडू उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी